रजिस्ट्री सं० डी-111 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 8] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 24, 1973 (फलगुन 5, 1894)
No. 8] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 24, 1973 (PHALGUNA 5, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 15 जनवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 15th January 1973 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4
	सं० 3—आई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 1 जनवरी, 1973।	विदेश व्यापार मंत्रालय	28-3-1972 से 27-3-1973 की अवधि के दौरान बंगला देश के साथ व्यापार।
1.	No. 3-IT.C. (P.N.)/73 dt. 1st Jan. 1973	Min. of F. Trade	Trade with Bangla Desh during the period from 28th March 1972 to 27th March, 1973.
	सं० 1—आई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 1 जनवरी, 1973।	तदैव	अप्रैल, 1972–मार्च 1973 वर्ष के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (संशोधन सं० 41)
2.	No. I-ITC (P.N)/73, dt. 1st Jan., 1973.	Do.	Import Policy for registered Exporters for the year April, 1972—March, 1973 (Amendment No. 41).
	सं० 2—आई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 1 जनवरी, 1973।	तदैव	अप्रैल 1972–मार्च 1973 वर्ष के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (संशोधन सं० 42)।
	No. 2-I.T.C. (P.N.)/73, dt. 1st Jan., 1973.	Do.	Import Policy for Registered Exporters for the year April' 72—March 1973 (Amendment No. 42).
	सं० 2—ई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 1 जनवरी, 1973।	तदैव	विभिन्न प्रकार, श्रेणी और कोटि के अभ्रक के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि।
3.	No. 2-E.T.C. (P.N.)/73, dt. 1st Jan., 1973.	Do.	Increase of floor prices of various varieties, grades and qualities of Mica.
	सं० 1—ई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 1 जनवरी, 1973।	तदैव	1-1-73 से 30-9-73 के दौरान पहनावों तथा तैयार माल सहित सूती धागों और मिल निर्मित सूती वस्त्रों का यू० के० को निर्यात के लिए लाइसेंस देने से सम्बन्धित योजना।
4.	No. I-E.T.C. (P.N.)/73, dt. 1st Jan., 1973.	Do.	Scheme for licensing of cotton yarn and cotton mill-made textiles including garments and made-ups for export to U. K. during the period from 1-1-1973 to 30-9-1973.

1	2	3	4
	सं० 12 (2)—टैरिफ/72, दिनांक 1 जनवरी, 1973।	विदेश व्यापार मंत्रालय	विदेश व्यापार मंत्रालय की निम्नलिखित अधिसूचनाएं रद्द किया जाए :— (i) सं० 12 (2)—टैरिफ/72-I, दिनांक 4 दिसम्बर, 1972। (ii) सं० 12 (2)—टैरिफ-II, दिनांक 4 दिसम्बर, 1972 तथा (iii) सं० 12 (2)—टैरिफ/72-III, दिनांक 4 दिसम्बर, 1972।
5.	No. 12 (2)—Tar/72, dt. 1st Jan., 1973.	Min. of F. Trade	Cancellation of the following notifications in the Min. of Foreign Trade : (i) No. 12 (2)—Tar/72-I, dt. 4-12-1972 (ii) No. 12/(2)—Tar/72-II dt. 4-12-1972, and (iii) No. 12(2) Tar/72 III at 4.12.72
	सं० 37/1/7/73/I, दिनांक 3 जनवरी, 1973।	लोक सभा सचिवालय।	राष्ट्रपति द्वारा आदेश दिनांक 2 जनवरी 1973 जो लोक-सभा को सोमवार, 19 फरवरी, 1973 को 11 बजे म० पू०, नई दिल्ली में अधिवेशन के लिए आमन्त्रित करता है।
6.	No. 37/1/VII/73/I, dt. 3rd Jan., 1973.	Lok Sabha Secretariat.	Order by the President dated the 2nd, Jan., 1973, for summoning the Lok Sabha to meet at New Delhi on Monday the 19th Feb., 1973 at 11 A.M.
	सं० आर० एस० 1/1/73- एल० दिनांक 3 जनवरी, 1973।	राज्य-सभा सचिवालय	राष्ट्रपति द्वारा आदेश, दिनांक 3 जनवरी, 1973 जो राज्य सभा को सोमवार, 19 फरवरी, 1973 को म० पू० 11 बजे नई दिल्ली में समवेत होने के लिए आमन्त्रित करता है।
7.	No. R.S. I/I/73-L. dt. 3-1-1973.	Rajya Sabha Sectt.	Order by the President dated the 3rd Jan., 1973 for summoning the Rajya Sabha to meet at 11 A.M. on Monday the 19th Feb., 1973 at New Delhi.
	सं० ए० 11013/ई०/122/72—प्रशा-IV, दिनांक 9 जनवरी, 1973	वित्त मंत्रालय	एक समिति की नियुक्ति जो वर्तमान तम्बाकू उत्पादन, शुल्क टैरिफ के सभी पहलुओं की, एक विवेकपूर्ण तथा युक्तिसंगत टैरिफ संरचना बनाने एवं सरलीकृत व्यावहारिक कार्यविधियों के जरिये इस टैरिफ का प्रभावी तौर पर, दक्षता पूर्ण और मितव्ययता के साथ प्रशासन करने की दृष्टि से जांच करेगी।
8.	No. A. 11013/E./122/72-Ad. IV, dt 9th Jan., 73	Min. of Finance.	Appointing a committee to examine the present Tobacco Excise Tariff with a view to having a judicious rational tariff structure and administering this tariff effectively, efficiently and economically through simplified practical procedures.
	सं० 3—ई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 12 जनवरी, 1973।	विदेश व्यापार मंत्रालय	ई० आई० कमाई हुई तथा गीली नीली खालें और चमड़े तथा पपड़ीदार चमड़े सहित अर्धसंसाधित खालें तथा चमड़ों का निर्यात।
9.	No. 3/E.T.C. (P.N.)/73, dt. 12th Jan., 1973.	Min. of F. Trade	Export of Semi-processed hides and skins including E.I. tanned and wet blue hides and skins and crust leather.
	सं० 4—आई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 15 जनवरी, 1973।	तदैव	1971-1972 अवधि के दौरान भारत-अफगान व्यापार व्यवस्था के अन्तर्गत प्रभावी किए गए आयातों-निर्यातों का हस्तान्तरण।
10.	No. 4-I.T.C. (P.N.)/73, dt. 15th Jan. 1973.	Do.	Transfer of imports/exports effected under Indo-Afghan Trade Arrangement period 1971-72.
	सं० 5—आई० टी० सी० (पी० एन०)/73, दिनांक 15 जनवरी, 1973।	तदव	विदेशी भागीदारों द्वारा आयातित माल की तृतीय एशियाई विश्व व्यापार मेला, 1972 नई दिल्ली में बिक्री।
11.	No. 5 .I.T.C. (P.N.)/73 dt. 15 Jan. 1973.	Do.	Sale of goods imported by Foreign participants in the Third Asian International Trade Fair, 1972, New Delhi.

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली का नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	215
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	283
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	5
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	233
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	339
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं	709
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	53
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	257
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	65
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	13
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं	405
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें	33
पूरक संख्या 8—	
17 फरवरी, 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	257
27 जनवरी 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़े	267

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	215
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	283
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	5
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	233
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	339
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	709
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	53
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	257
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	6
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	13
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	405
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	33
SUPPLEMENT NO. 8	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 17th February 1973	57
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 27th January 1973	

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिसर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

विधि और न्याय मंत्रालय
(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 जनवरी 1973

सं० ए० 11019(3)/72-प्रशा० III (वि० का०)—आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 255 की उप-धारा (3) के अनुसरण में और भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग की अधिसूचना सं० ए० 11019(3)/72-प्रशा० III (वि० का०) तारीख 9 जनवरी, 1973 के क्रम में, केन्द्रीय सरकार श्री वी० बालसुब्रह्मण्यन्, लेखा सदस्य, आय-कर अपील अधिकरण को उक्त उप-धारा के प्रयोजनों के लिए एतद्द्वारा प्राधिकृत करती है।

पी० बी० वेंकटसुब्रह्मण्यन्, संयुक्त सचिव
और विधि सलाहकार

(औद्योगिक विकास विभाग)

खादी तथा ग्रामोद्योग समिति की रिपोर्ट

नई दिल्ली, दिनांक 12 दिसम्बर 1972

संकल्प

सं० 5 (18)/72-के० वी० आई० (1)—संकल्प संख्या 19/6/66-के० वी० आई० (पी०), दिनांक 8 जून, 1966 के द्वारा भारत सरकार के भूतपूर्व वाणिज्य मंत्रालय ने श्री अशोक महता की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की थी । जिसके विचारार्थ विषय निम्न प्रकार से थे :—

(1) "1953 में अखिल भारतीय खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की स्थापना से अब तक खादी तथा ग्रामोद्योग द्वारा की गई प्रगति की आंकना और देश में खादी तथा ग्रामोद्योगों को सुदृढ़ करने और इनकी प्रगति में वृद्धि करने के बारे में सिफारिश करना; और

(2) किन्हीं भी संरचनात्मक और वैधानिक परिवर्तनों के बारे में सुझाव देना जिनकी कार्यक्रमों के कार्यकरण के संबंध में अबतक प्राप्त अनुभव को ध्यान में रख कर और चौथी योजनावधि में परियोजित कार्यक्रमों के प्रसंग में एक ओर खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग तथा दूसरी ओर राज्यों के खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्डों के बीच समन्वय में सुधार करने के लिए आवश्यकता हो।"

उपर्युक्त दूसरा विचारार्थ विषय का वाणिज्य मंत्रालय के संकल्प सं० 19/6/66-के० वी० आई० (पी०), दिनांक 12 अगस्त, 1966 द्वारा प्रवर्धन किया गया और निम्नलिखित विषय उसके स्थान पर रखा गया था :—

(2) "किन्हीं भी संरचनात्मक और वैधानिक परिवर्तनों के बारे में सुझाव देना जिनकी कार्यक्रमों के कार्यों के संबंध में अब तक प्राप्त अनुभव को ध्यान में रख कर और चौथी योजनावधि में परियोजित कार्य-क्रमों के प्रसंग में एक ओर खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग तथा दूसरी ओर राज्यों के खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्डों, सहकारी समितियों और अन्य संस्थाओं के बीच समन्वय में सुधार करने के लिए आवश्यकता हो ।"

(2) समिति ने फरवरी, 1968 में सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की । समिति की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों पर राज्य सरकारों और खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के परामर्श से सरकार ने सावधानी पूर्वक विचार किया है ।

(3) समिति की विभिन्न सिफारिशों पर सरकार के निर्णय इस संकल्प के अनुबंध में दिए गए हैं, सरकार इस बात से संतुष्ट है कि सरकार द्वारा स्वीकृत सिफारिशों के कार्यान्वयन से खादी तथा ग्रामोद्योगों के विकास की गति तेज होगी, रोजगार में वृद्धि होगी, ग्रामीण क्षेत्रों में कारीगरों की आमदनी में वृद्धि होगी और इनका जीवन स्तर ऊंचा होगा और ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में सुधार होगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी सम्बन्धितों को भेजी जाए और आम सूचनार्थ इसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

आबिद हुसैन, संयुक्त सचिव

अनुबन्ध

खादी और ग्रामोद्योग समिति के निष्कर्षों तथा सिफारिशों का सारांश तथा उनपर सरकार का निर्णय

क्रमांक (1)	सिफारिश (2)	सरकार का निर्णय (3)
1.	खादी तथा ग्रामोद्योग कार्यक्रम का आधारभूत दृष्टिकोण विकासाभिमुख होना चाहिये तथा देश की रोजगार सम्बन्धी सर्वसाधारण परिस्थिति एवं आर्थिक विकास की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर तय किया जाना चाहिए । खादी सहित प्रत्येक	स्वीकृत

(1)	(2)	(3)
	परम्परागत उद्योग की तकनीकों में प्रगामी विकास करने की दृष्टि से एक सप्तवर्षीय कार्यक्रम बनाया जाना चाहिए, ताकि उन उद्योगों को वर्धनक्षम जीव्य स्तर पर पहुंचाया जा सके। संक्रमणावस्था में होने वाले पर्याप्त विस्थापन से बचाव के लिए परंपरागत उद्योगों के कारीगरों को संरक्षण अवश्य प्राप्त होना चाहिए, ताकि तकनालाजी लागू करने के कारण होनेवाली बेरोजगारी में अपेक्षाकृत हलके दर्जे की तकनीक का प्रयोग होता हो उसमें जाने के लिए प्रशिक्षण सुविधाएं तथा अन्य प्रकार की सहायता के द्वारा अधिक लोगों को प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि छोटे नगरों एवं देहातों में विकेन्द्रित उद्योगों की संरचना खड़ी करने हेतु आवश्यक है कि समाज आर्थिक ऊपरी खर्चे तथा आवश्यक सहूलियतें जिनमें परिवहन की कुशल पद्धति, जल तथा विद्युत्-पूर्ति, ऋण, तकनीकी प्रशिक्षण तथा परामर्श आदि सम्मिलित हैं, उपलब्ध कराने का प्रबन्ध किया जाए। विशेषकर पिछड़े हुए क्षेत्रों में तथा सूखा और बाढ़ जैसी असाधारण कठिनाइयों वाली स्थितियों में उच्च तकनीकी परिवर्तन की प्रक्रिया इसी तरह आयोजित होनी चाहिए, जिससे वर्तमान परंपरागत उद्योगों में लगे कारीगरों को कुछ लंबे समय तक संरक्षण प्राप्त होता रहे। (पै० 2.13)।	
2.	खादी कार्यक्रम का प्रयोजन तथा आधारभूत दृष्टिकोण मोटे रूप से तीन उद्देश्यों के रूप में होना चाहिए तथा प्रत्येक पर सापेक्ष्य रूप से बल दिया जाना चाहिए; यथा (1) बिक्री योग्य वस्तुओं के उत्पादन का आर्थिक उद्देश्य, (2) रोजगार की व्यवस्था करने का सामाजिक उद्देश्य, (3) जनता में आत्मनिर्भरता लाने तथा ग्रामसमाज की सशक्त भावना निर्माण करने का व्यापक उद्देश्य। इन तीन उद्देश्यों की उपेक्षा तो नहीं की जा सकती भविष्य में खादी कार्यक्रम का विस्तार इस प्रकार किया जाना चाहिए कि प्रबन्ध उपदान के रूप में अथवा निर्मूल्य बुनाई सुविधाओं के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष राजसहायता यथा संभव न्यूनतम की जा सके। इस कार्य के लिए कताई-बुनाई में उत्तम तकनीकें लागू करनी होंगी तथा संगठन के उपरिव्ययों में भी कमी करनी होगी। (पै० 2.14, 2.15)	सिद्धान्त रूप से स्वीकार की गई; किन्तु क्रियान्वयन एक प्रावस्थाबद्ध रूप में किया जायेगा।
3.	खादी कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि व्यापक रूप से रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था सतत चलती रहे। ग्रामीण क्षेत्रों का निम्नतर जीवनस्तर, वर्तमान व्यापक अर्ध-रोजगारी तथा ग्राम-परिवारों के लिए सहायक आय के स्रोत की आवश्यकता एक ऐसी अनिवार्यता खड़ी कर देती है कि जिससे खादी कार्यक्रम का एक उचित स्तर पर सतत चालू रखना जरूरी हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने वाले अन्य साधनों का इस बीच पूरा-पूरा उपयोग किया जाना चाहिए। (पै० 2.16)	स्वीकृत

(1)	(2)	(3)
4.	खादी कार्यक्रम में रोजगार प्रदान करना ही उद्देश्य नहीं माना जाना चाहिए। यह ग्रामीण परिवारों में आय बढ़ाने का एक साधन होना चाहिए। अतएव, खादी कार्यक्रम अधिक जरूरतमंद परिवारों को, विशेषकर कृषि मजदूरों तथा गरीब किरायेदारों को सहायक रोजगार की व्यवस्था करने वाला होना चाहिए। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम द्वारा दी जाने वाली औसत दैनिक मजदूरी भी इतनी होनी चाहिए जिससे जरूरतमंद व्यक्ति कताई-बुनाई का काम स्वीकार करने की ओर आकर्षित हो सकें। (पै० 2.16)	स्वीकृत
5.	खादी के वर्तमान कार्यक्रम में जिसके अन्तर्गत वर्ष 1965-66 में लगभग 76 लाख मीटर (सूती खादी) का उत्पादन हुआ है, पूरक रोजगार देने सम्बन्धी सामाजिक उद्देश्य तथा जनता में आत्मनिर्भरता निर्माण करके एक सशक्त ग्राम समाज भावना उत्पन्न करने सम्बन्धी व्यापक उद्देश्य पर जोर देने वाला वर्तमान दृष्टिकोण सतत कायम रखना चाहिए। इसके अन्तर्गत राजसहायता की व्यवस्था चालू होगी। फिर भी, कार्यक्रम के कार्यान्वयन में संगठनात्मक तथा अन्य सुधार करके सरकार पर पड़ने वाले कुल अर्थभार में कमी की जानी चाहिए। (पै० 2.19)	सिद्धान्त रूप से स्वीकृत।
6.	व्यक्तिगत स्वावलम्बी उत्पादन का वर्तमान अनुपात चूंकि कुल खादी उत्पादन में मात्र चार प्रतिशत है, इसे एक प्रावस्थाबद्ध कार्यक्रम द्वारा बढ़ाया जाना चाहिए। (पै० 2.19)	वर्तमान रुख से ज्ञात नहीं होता कि इन उपलब्धियों/लक्ष्यों की तुरन्त प्राप्ति होने की संभावना है।
7.	नये खादी-कार्यक्रम अर्थात् खादी-उत्पादन के अधिक विस्तार के सम्बन्ध में आधारभूत दृष्टिकोण एवं प्रयोजन पर पृथक-पृथक (क) अंबर सहित परंपरागत खादी तथा (ख) नये माडल चरखे की खादी, की दृष्टि से विचार किया जा सकता है। परंपरागत खादी के सम्बन्ध में दृष्टिकोण यह होना चाहिए कि भावी समस्त उत्पादन आत्म निर्भरता के आधार पर हो। नये माडल चरखे की खादी के उत्पादन के सम्बन्ध में दृष्टिकोण यह होना चाहिए कि व्यापारिक आधार पर उसका विकास हो। इसमें राजसहायता विशेषकर उपदान के रूप में बहुत कम होनी चाहिए। (पै० 2.20, 2.21, 2.22)	स्वीकृत।
8.	ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किये जाने वाले खादी कार्यक्रम के सम्बन्ध में उचित होगा कि विशेष महत्व के उद्योगों पर ही साधन-स्रोत एवं प्रयास केन्द्रित किये जाएं। उन उद्योगों में बहुसंख्यक कारीगरों का समावेश किया जाये और उनका क्षेत्र अधिक व्यापक किया जाये। तकनालाजी के सुधार लागू करने तथा विद्युत् के उपयोग करने के मुक्त अवसर उपलब्ध होने चाहिये। (पै० 2.23)	स्वीकृत।
9.	खादी ग्रामीण उद्योगों में से एक उद्योग के रूप में खादी का मान्यता-प्राप्त स्थान जारी रहेगा और यद्यपि कुछ क्षेत्रों में ग्रामीण उद्योगों में उसका स्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो सकता है, तथापि वैज्ञानिक खेती के विकास तथा ग्रामीण बिजली-करण की प्रगति के कारण यह संभव है कि कृषि-संबंधी चीजों के प्रशोधन तथा कृषि में लगनेवाली चीजों के निर्माण के समान	निर्माण अस्थगित रखा गया है तथा इस प्रतिवेदन के पैरा 33 से 45 के साथ लिया जायेगा।

(1)	(2)	(3)
	अधिक आमदनी वाले अन्य ग्रामीण उद्योग खादी का स्थान ले लें। खादी के बारे में किसी का यह दृष्टिकोण हो सकता है कि यह एक स्थायी कार्यक्रम है। बावजूद इसके, इस बात से सहमत हुआ जा सकता है कि निकट भविष्य में, कुछ समय के लिए, पिछड़े हुए ग्रामीण क्षेत्रों में तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को काम देने हेतु इसकी एक उपयोगी भूमिका बनी रहेगी। हम इस बात पर जोर देंगे कि संगठन में आवश्यक परिवर्तन करके ग्रामीण उद्योगों की उक्त धारणा की, जिसमें खादी का समुचित स्थान हो सकता है, ठोस अभिव्यक्ति होनी चाहिए। (परिच्छेद 4.3)।	
10.	व्यक्तियों और समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े परिमाण में सामाजिक एवम् आर्थिक परिवर्तन का आधार कायम करने के लिए एक साधन के रूप में खादी की कितनी क्षमता है, इसके पुर्नपरीक्षण की आवश्यकता है, क्योंकि आर्थिक विकास की जो दृष्टि अभी विद्यमान है, उसके संदर्भ में ऐसे परिवर्तनों के लिए केवल खादी आवश्यक प्रोत्साहन नहीं दे सकती। (परिच्छेद 4.8)।	ध्यान में उतारी गई है।
11.	खादी-कार्यक्रम इस अर्थ में आत्मनिर्भर नहीं बनाया जा सकता कि वह बिना सरकारी सहायता के अर्थात् उपदान (सब्सीडी) एवं छूट (रिबेट) के चलने में समर्थ हो सके। ग्रामीण लोगों के कुछ वर्गों को सहायक धंधा देने का मुख्य प्रयोजन यदि खादी-कार्यक्रम से सिद्ध करना है, तो इसको सरकारी उपदान और छूट का दिया जाना जारी रखना होगा। पर इस बारे में सरकारी वचनबद्धता अनिश्चित या सीमित नहीं होनी चाहिए। (परिच्छेद 4.9)	समिति की सिफारिश से सरकार साधारणतया सहमत है तथा यह अनुभव करती है कि राजसहायता में कमी प्रावस्थाबद्ध रूप में ही की जानी चाहिये।
12.	भविष्य में विकासात्मक सहायता के संरक्षणात्मक स्वरूप पर अधिक जोर न देकर विधायक स्वरूप पर अधिक जोर देना चाहिये। सहायदा के विधायक प्रकारों में प्रशिक्षण, अनुसंधान, तकनीकी परामर्श और कार्यकारी पूंजी के लिए सहायता एवं ऋण शामिल हैं। कार्यकारी पूंजी का ऋण आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाना चाहिये। खादीकार्यक्रम के लिए कर्ज पर ब्याज की रियायती दरें भी स्वीकार करनी चाहिए। (परिच्छेद 4.9)	स्वीकृत
13.	खादी-कार्यक्रम के लिए सरकारी उपदानों की मात्रा एक सीमा के भीतर रहना चाहिये। पारम्परिक खादी-कार्यक्रम के लिए (जिसमें अंबर चरखा भी शामिल है) प्रबन्ध-अनुदान, बिक्री-छूट, उपदान, प्रशिक्षण आदि के रूप में प्रतिवर्ष दिये जाने वाले सरकारी अनुदानों की कुल रकम की पांच करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा राशि निर्धारित कर देनी चाहिये। इस राशि में ऐसी सारी सहायताएं शामिल होंगी, जिनकी जरूरत ग्रामदानी गांवों में या अन्य प्रयुक्त क्षेत्रों में या एक और दो तकुवे वाले चरखे चालू करने की दृष्टि से या पारम्परिक चरखे में चूड़ी-कताई की पद्धति शामिल करके स्वावलंबी खादी का विस्तार करने के लिए हो सकती है। (परिच्छेद 4.9)	स्वीकृत तथा क्रियान्वित की गई।

(1)	(2)	(3)
14.	नये नमूने के चरखे का कार्यक्रम इस प्रकार बनाना चाहिए कि सरकारी सहायता की जरूरत घट कर कम से कम रह जाय और बाजार में खादी की खपत की जितनी क्षमता हो, उसी सीमा के भीतर उत्पादन किया जाय। नये नमूने के चरखे चालू करने के लिए किसी बड़े नियमित कार्यक्रम को मंजूरी देने के पहले कमीशन और सरकार की ओर से उसके आर्थिक तथा संगठनात्मक पहलुओं की अच्छी तरह जांच की जानी चाहिये। (परिच्छेद 4.10)।	स्वीकृत तथा क्रियान्वित की गई।
15.	"बीस काउन्ट से नीचे के सूत से कपड़ों का उत्पादन केवल खादी के लिए सुरक्षित रखा जाय, सारा अतिरिक्त हाथ कता सूत सरकार खरीद ले और मिल-सूत के साथ उसे मिलाकर कपड़ा बुनवाये तथा बेचे एवं मिलों, हाथ-करघों तथा बिजली करघों द्वारा तैयार कपड़ों के और खादी के मूल्यों को मिलाकर कपड़ों की बिक्री हो," ऐसे अनेक प्रस्ताव एवं सुझाव पेश किए गए हैं, पर ये सब प्रस्ताव व्यावहारिक नहीं मालूम होते हैं। (परिच्छेद 4.11)।	नोट किया गया।
16.	पारंपरिक खादी का कार्यक्रम व्यक्तियों और ग्रामों के वस्त्र-स्वावलम्बन की ओर अभिमुख होना चाहिए एवं बिक्री के लिए खादी का भविष्यत् उत्पादन नये माडेल चरखे पर कते सूत से होना चाहिए। उसमें तकनीकी सुधार दाखिल करने तथा बिजली का उपयोग लेने के लिए भी मुक्त अवसर प्राप्त होने चाहिए। (परिच्छेद 4.12, 4.13)	विशेष परिस्थितियों की आपात अवस्था में सिद्धान्ततः स्वीकृत
17.	खादी के उत्पादन हेतु जो तकनीकें अपनायी गयी हैं, उनमें लगातार और शीघ्र गति से सुधार करने की एवं उस प्रयोजन के लिए व्यवस्थित अनुसंधान के संगठन की आवश्यकता है। पर अनुसंधान एक सुनिश्चित उद्देश्य सामने रखकर किया जाना चाहिए। अनुसंधान का साधारण उद्देश्य कारीगर की खुद-रोजगारी के अर्थात् स्वतः अपना काम करने के स्वरूप को बनाए रखने का होना चाहिए; लेकिन उसका विशेष उद्देश्य कारीगर की कार्य-क्षमता को बढ़ाने का होना चाहिये, ताकि वह एक न्यूनतम मजदूरी कमाने के योग्य हो सके और मिल कपड़ा, हाथ करघे का कपड़ा तथा खादी के बीच के दामों में जो फर्क है, उसे हटाया जा सके। भविष्य के लिए तकनीकी सुधार की कसौटी ऐसी हो कि नये नमूने के चरखे में जो उत्पादकता प्राप्त हो चुकी है, उस स्तर से आगे बढ़ने की कोशिश की जानी चाहिए। निम्न दर्जे की तकनीक में सुधार करने की ऐसी किसी भी योजना को सरकार धन की सहायता अलग से न करे, जो उपर्युक्त कसौटी के अनुकूल न हो। (परिच्छेद 4.14, 4.15)	स्वीकृत
18.	खादी की सुधरी हुई तकनीकों में अनुसंधान करने की दृष्टि से इस क्षेत्र में पहले से ही जो अनेक अनुसंधान शालाएं तथा संस्थाएं काम कर रही हैं, उनमें उपलब्ध विशेषज्ञों और साधनों का लाभ अधिक से अधिक उठाना चाहिए। अनुसंधान-कार्यों का संगठन क्षेत्रीय तथा राज्य स्तर पर अधिकाधिक मात्रा में करना चाहिए। (परिच्छेद 4.16)।	स्वीकृत

(1)	(2)	(3)
19.	खादी कार्यक्रम के भावी विकास-कार्य को सभी क्षेत्रों की पूर्ण और आंशिक बेकारी के प्रभाव के साथ जोड़ने का प्रयत्न करना चाहिए और किसी क्षेत्र में खादी-काम के विकास की कोई योजना तैयार करने के पहले स्थानीय मांग का सर्वेक्षण तथा उत्पादन-लागत का अन्दाज कर लेना चाहिए। ऐसे किसी भी निर्णय पर पहुंचने के लिए कि क्या उन क्षेत्रों में काम देने का सबसे अच्छा तथा सबसे मितव्ययी उपाय खादी के विकास में निहित है, उस सर्वेक्षण के परिणाम तथा साधारणतः वहां की आर्थिक स्थिति की राज्य-मण्डलों द्वारा जांच की जानी चाहिए। (परिच्छेद :4.17)	स्वीकृत
20.	खादी कार्यक्रम इस ढंग से संगठित करें तथा उसे इस तरह मोड़ दें कि पिछड़े हुए क्षेत्रों के, आदिवासी तथा दूर-दूर के क्षेत्रों के और अकाल तथा सूखा-पीड़ित क्षेत्रों के लोगों को एवं हरिजनों, भूमिहीन खेतिहर मजदूरों, छोटे किसानों आदि के समान पिछड़े हुए लोगों को तथा अल्प सुविधा प्राप्त जनता को उसका अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। जहां तक संभव हो, इन प्रयोजनों की दृष्टि से खादी के कामों का विकास तकनीकी दृष्टि से सुधरे हुए साधनों की मदद से करना चाहिए। (परिच्छेद :4.18)	स्वीकृत
21.	खादी की मजदूरी का निर्धारण अभी तदर्थ रूप में किया जाता है, हालांकि यह कहा जाता है कि कृषि-मौसम के बाद स्थानीय खेतिहर मजदूरों को मजदूरी दी जाती है, उससे उसका संबंध है। चूंकि खादी को ग्रामीण उद्योगों में से एक उद्योग के रूप में मानना चाहिए, इसलिए खादी के विस्तार के ऐसे कार्यक्रम में, जिसका आधार सुधरे हुए औजार हों, कत्तिनों की मजदूरी कृषि-मौसम के बाद खेतिहर मजदूरों को दी जाने वाली मजदूरी के बराबर होनी चाहिये। (परिच्छेद :4.20)	स्वीकृत
22.	संस्थाओं को तकनीकी सेवाएं देने में कमीशन द्वारा जो खर्च किया जाता है और कमीशन का जो प्रशासकीय खर्च होता है, उसे इस कार्यक्रम पर होनेवाले खर्च का ही एक हिस्सा मानना चाहिए पर वह अनुदान के रूप में समझा जाय। अतः उसे खादी के बिक्री-मूल्य में शामिल करने की आवश्यकता नहीं है। कमीशन द्वारा जो उत्पादन और व्यापारिक कार्य किया जाता है, उसके संबंध में भी उपरिव्ययों का कोई मानक निर्धारित किया जाना चाहिये। (परिच्छेद :4.21)	स्वीकृत तथा पहले ही क्रियान्वित।
23.	अंडी, मूंगा तथा कते हुए रेशम एवं आमतौर पर उपयोग में आनेवाली ऊनी वस्त्रों को छोड़कर रेशमी और ऊनी खादी पर जो दस प्रतिशत की बिक्री-छूट अभी दी जा रही है, उसे क्रमशः घटाना चाहिए और अन्त में वह पूर्णतः बंद कर देनी चाहिये। (परिच्छेद :4.22)	सिद्धान्त रूप में स्वीकृत और यह एक प्रावस्थाबद्ध ढंग से कार्यान्वित की जायेगी।
24.	खादी-कार्यक्रम से ग्रामोद्योग का कार्यक्रम दो महत्वपूर्ण बातों के कारण अलग पड़ता है: (1) इन कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने का ज्यादातर भार राज्य खादी-ग्रामोद्योग मंडलों के जिम्मे है; और (2) उन्हें अमल में लाने का मुख्य भार (पंजीकृत संस्थाओं की अपेक्षा) क्षेत्र अभिकरण के रूप में सहकारी समितियों पर है। कुछ ग्रामोद्योगों में, खासकर ताड़-गुड़ तथा ताड़ पत्ते के उत्पादन, ग्रामीण चमड़ा, तन्तुओं	नोट कर लिया

(1)	(2)	(3)
	का उत्पादन, गैस तथा अखाद्य तेल और साबुन-उद्योग में प्रारंभिक काम करने का श्रेय खादी और ग्रामोद्योग कमीशन को है। फिर भी, ग्रामीण उद्योगों का व्यापक क्षेत्र और उसमें लगे हुए बहुसंख्य कारीगर अब भी खादी और ग्रामोद्योग कमीशन के कार्यक्रमों की पहुंच के बाहर ही हैं। (परिच्छेद : 4.23)	
25.	स्थानीय साधन-स्रोतों और शिल्पिक कुशलता पर आधारित ग्रामोद्योग संभावनाओं से भरे हुए हैं। अगर उनको समुचित मार्गदर्शन दिया जाय तथा उनकी तकनीकों में लगातार सुधार हो, तो ग्रामोद्योगी कार्यक्रम से ग्राम-समाज के जीवन-स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिल सकती है। कच्चे माल की समुचित पूर्ति सुनिश्चित करने, शिल्पिक कुशलता तथा तकनीकों के स्तर को ऊंचा उठाने और बिक्री-सहायता संबंधी व्यवस्था जैसी बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए अधिक विस्तृत और समग्र कार्यक्रम बनाना चाहिये, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थतन्त्र के लिए एक सुदृढ़ कृषि-औद्योगिक आधार का निर्माण हो। (परिच्छेद :4.25)	स्वीकृत
26.	राज्य-ग्रामीण उद्योग-मंडल ग्रामीण उद्योग-आयोग के साथ परामर्श करके हर राज्य में ग्रामीण उद्योगों के विकास के कार्यक्रम तैयार करें। इन कार्यक्रमों का आधार खुद-रोजगारी में लगे लोगों द्वारा स्थानीय साधन-स्रोतों के अधिकतम उपयोग का होना चाहिये। इन लोगों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये और सुधरे औजारों तथा तकनीकों के साथ जहां संभव हो, छोटे यंत्रों तथा बिजली के उपयोग के लिए उन्हें समर्थ बनाया जाना चाहिये। बड़े पैमाने पर पारंपरिक कारीगरों की निकासी यथासंभव टालनी चाहिये। (परिच्छेद :4.26)	निर्णय स्थगित किया गया है क्योंकि इसका संगठनात्मक पुनर्निर्माण से संबंध है और इस पर समिति की सिफारिश सं० 33 से 45 के साथ-साथ विचार किया जायेगा।
27.	छोटे उद्योगों के लिए एक तकनालाजी संबन्धी अनुसंधान-संस्थान की स्थापना करनी चाहिए, जो ग्रामीण उद्योगों के लिए समुचित तकनालाजी की समस्याओं पर अनुसंधान करे और ग्रामीण उद्योगों के विकास से संबंधित तकनीकी समस्याओं के समाधान के बारे में ग्रामीण उद्योग आयोग तथा राज्य-मंडलों को परामर्श तथा सहायता दे। (परिच्छेद :4.27)।	स्वीकृत और क्रियान्वित किया जा रहा है।
28.	ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों को फैलाने के महत्वपूर्ण उपायों में से एक है, उन लोगों को समुचित प्रोत्साहन देना; जो इन उद्योगों की स्थापना में अभिरुचि रखते हैं। उत्पादन या बिक्री के स्तर पर मुख्यतः तकनीकी सहायता, सेवाएं और विशेष सुविधाओं के रूप में यह प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये एवं सरकारी सहायता पर बहुत निर्भर नहीं रहना चाहिये। कुछ उद्योगों के लिए आरक्षण मूल्य एकत्रीकरण (प्राईस पूलिंग) की व्यवस्था आदि के रूप में भी कुछ उपाय आवश्यक समझे जा सकते हैं। ग्रामीण उद्योग आयोग और राज्य-मंडल उन ग्रामीण उद्योगों तथा उनके उत्पादन की मदें निर्धारित करेंगे, जिनके लिए उत्पादन के क्षेत्रों का आरक्षण, मूल्य-एकत्रीकरण आदि सहित किन-किन रूपों में सहायता एवं संरक्षण की आवश्यकता है फिर इनके सम्बन्ध में वे योजना बनायें (परिच्छेद :4.28)	स्वीकृत

(1)	(2)	(3)
29.	जिन ग्रामीण उद्यागों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित करना है और उनके विकास एवं कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के लिए जिन क्षेत्रीय एजेंसियों को काम में लाना है, उनके चुनाव में व्यावहारिक दृष्टि अपनानी चाहिये। ग्रामीण उद्योग कार्यक्रम के साधन-स्रोतों को प्रथमतः उन ग्रामीण उद्योगों के विकास पर केन्द्रित करना चाहिए, जिनकी एक निश्चित समय के बाद वर्धनक्षम होने की समुचित संभावना हो। काम करने वाली यह क्षेत्रीय एजेंसी सहाकारी समिति या पंजीकृत संस्था, निजी उद्यमी, कारीगर, ग्राम पंचायत या स्वयं सेवी संघ हो सकती है। यह इस बात पर निर्भर है कि किस के काम से अच्छे परिणाम निकल सकते हैं। (परिच्छेद : 4.29) ।	स्वीकृत
30.	ग्रामीण उद्योगों की वस्तुओं के उत्पादन की योजना ऐसी बननी चाहिये कि वस्तुओं का उपयोग यथासंभव उसी गांव में या उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो सके। स्थानीय उपभोग से यदि कुछ बच जाता है, तो उसकी बिक्री पंजीकृत संस्थाओं या अन्य मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय एजेंसियों के बिक्री-भंडारों के मार्फत दूसरे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होनी चाहिये। जिन ग्रामीण उद्योगों के उत्पादनों का बाहरी देशों में निर्यात किया जा सकता हो, उन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। (परिच्छेद : 4.30)	भावी कार्यक्रम के मार्ग-दर्शन के लिए नोट कर लिया।
31.	वर्तमान भवनों और भंडारों के काम पंजीकृत संस्थाओं और अन्य मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय एजेंसियों के हाथों धीरे-धीरे सौंप देने की दृष्टि से प्रभावशाली और आवश्यक कदम उठाए. जाने चाहिये। (परिच्छेद :4.31) ।	आयोग को सलाह दी गई है कि जहां भी व्यवहार्य हो वह इस पर कार्यवाही करे।
32.	सहायता का मौजूदा स्वरूप विविध रुपेण और उलझनपूर्ण हो चला है। इसलिए उसे अधिक सरल, अधिक कार्यक्षम तथा युक्तिसंगत बनाने की आवश्यकता है । (परिच्छेद : 6.21)	स्वीकृत व क्रियान्वित
33.	पुनर्निर्माण के इन कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत तथा अच्छे संगठनात्मक ढांचे की आवश्यकता होगी। नीति-निर्माण और प्रशासन के स्तर पर संगठन के विभिन्न अंगों के बीच अत्यधिक मेल और सुसंबद्धता होनी चाहिये, ताकि काम शीघ्र गति से एवं प्रयोजन-पूर्वक किया जा सके। इसके अतिरिक्त, गांवों की अत्यधिक गरीबी और पूर्ण तथा आंशिक बेकारी का मुकाबला करने के लिए, भौतिक और मानवीय, दोनों प्रकार के ग्रामीण साधन-स्रोतों को संगठित करने के लिए तथा ग्रामों की आय बढ़ाने के लिए कुछ भिन्न प्रकार के संगठनात्मक ढांचे की जरूरत होगी, जो आज की सीमित अनुसूची के ग्रामोद्योगों के स्थान पर सभी ग्रामीण उद्योगों का समावेश, उनके महत्व की समुचित रूप से व्याख्या कर ले । (परिच्छेद : 7.1)	सरकार इस पर विचाराधीन कर रही है।
34.	नये संगठनात्मक ढांचे में सबसे ऊपर एक ग्रामीण उद्योग आयोग होना चाहिए, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर तथा लघु उद्योगों के विकास को आगे बढ़ाए। इसे विस्तृत अधिकारों	सरकार इस पर विचार कर रही है।

(1)	(2)	(3)
	से संपन्न ऐसा एक अकेला संगठन होना चाहिए, जिसके पास आवश्यक सत्ता तथा साधन-स्रोत हों एवं ग्रामीण क्षेत्रों को शीघ्रता से उद्योग संपन्न बनाने का दायित्व उस पर हो। यह एक वैधानिक संगठन होगा, जिसमें सरकार द्वारा पांच वर्षों के लिए मनोनीत सात से नौ व्यक्ति होंगे और उसे ग्रामीण उद्योगों के विकास के लिए परामर्श देने, प्रशिक्षण और अनुसंधान का कार्य करने तथा कराने एवं सर्व साधारण रूप से कार्यक्रम को कार्यान्वित तथा सुसंबद्ध करने के अधिकार होंगे। पांच वर्षों की एक सीमित अवधि के लिए इसे स्वीकृत प्रयोजनों के लिए किसी को आर्थिक सहायता देने का भी अधिकार हो। इस अवधि की समाप्ति के बाद अपने-अपने राज्यों में इन कार्यक्रमों के संचालनार्थ धन देने के लिए भारत सरकार द्वारा राज्य सरकारों को सीधे वित्तीय सहायता दी जाये। जिन संस्थाओं का काम एक से अधिक राज्यों में चलता है, वे आर्थिक सहायता की प्राप्ति के लिए या तो एक राज्यीय संस्था के रूप में परिवर्तित हो जाये या विभिन्न राज्यों की सीमाओं के भीतर अपने कामों को अलग संस्था के रूप में प्रकट करें। (परिच्छेद : 7.2)	
35.	अधिक अच्छा होगा कि आयोग के अध्यक्ष एक गैर-सरकारी व्यक्ति हों और उसके सदस्यों में एक अर्थशास्त्री, एक तकनीकी-विशेषज्ञ, एक वित्त-विशेषज्ञ और एक योजना-विशेषज्ञ होना चाहिये, जिसे ग्रामीण तथा छोटे उद्योग की योजना बनाने का अच्छा अनुभव हो। आयोग की बैठकों में प्रशासनिक मंत्रालय का एक प्रतिनिधि स्थायी रूप से नियंत्रित हो। (परिच्छेद : 7.2)	सरकार के विचाराधीन।
36.	वर्तमान खादी और ग्रामोद्योग आयोग को ग्रामीण उद्योग-आयोग के रूप में परिवर्तित कर दिया जाय और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आवश्यक कार्यवाही सरकार शीघ्र ही करे। (परिच्छेद : 7.2)	सरकार के विचाराधीन।
37.	राज्य ग्रामीण उद्योग मण्डलों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ ग्रामीण उद्योग आयोग यह समझे कि उसे एक परामर्श-मण्डल की भी सहायता करनी चाहिए, तो वह अखिल भारतीय भारत खादी और ग्रामोद्योग-मण्डल के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से प्रस्ताव कर सकता है। (परिच्छेद : 7.3)	सरकार के विचाराधीन
38.	ग्रामीण उद्योगों के विकास से संबंधित दूसरे संगठन जैसे हाथकरघा मण्डल, हस्तशिल्प मंडल, लघु उद्योग मण्डल, नारियल जटा (कॉयर बोर्ड) मण्डल, केन्द्रीय रेशम मण्डल और कृषि-उद्योग निगम अपने अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञ-संगठनों के रूप में काम करते रहें। इस संगठनों और ग्रामीण उद्योग आयोग के कार्यक्रमों तथा दृष्टिकोण के बीच समन्वय साधना संबंधित प्रशासकीय केन्द्रीय मंत्रालय का दायित्व होगा। इस निमित्त एक समन्वय-समिति स्थापित की जाय, जिसमें आयोग का भी प्रतिनिधित्व हो। संबंधित प्रशासकीय मंत्रालय ग्रामीण उद्योग-विभाग के लिए सर्वोच्च स्तर पर और संपूर्ण रूप से संसद के प्रति उत्तरदायी होगा। (परिच्छेद : 7.4)	सरकार के विचाराधीन।

(1)	(2)	(3)
39.	खादी और ग्रामोद्योग आयोग ग्रामीण उद्योग आयोग के रूप में परिवर्तित हो जाने के बाद राज्य खादी ग्रामोद्योग मण्डल का स्थान भी राज्य ग्रामीण उद्योग-मण्डल ले लेंगे। इन मण्डलों के कार्य और क्षेत्र विस्तृत और व्यापक होने चाहिए। उसको राज्य के सभी ग्रामीण उद्योगों के विकास से संबंधित कर्त्तव्यों को पूरा करने के लिए कहा जाएगा, न कि केवल उन्हीं उद्योगों को, जो अभी खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधिनियम में शामिल हैं। (परिच्छेद : 7.5)।	सरकार के विचाराधीन।
40.	राज्य ग्रामीण उद्योग मण्डलों की स्थापना के समय राज्य खादी ग्रामोद्योग मण्डलों की पिछली त्रुटियों और असमर्थताओं को हटाने का विशेष ख्याल रखा जाये। ग्रामीण उद्योग आयोग और राज्य ग्रामीण उद्योग-मण्डलों के बीच के आन्तरिक सबधों को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित कर दिया जाना चाहिये। प्रस्तावित ग्रामीण उद्योग आयोग द्वारा ग्रामीण उद्योगों के समय और समन्वित विकास के लिए निर्धारित नीतियां क्षेत्रीय संगठनों अर्थात् पंजीकृत सस्थाओं, सहकारी समितियों और अन्य क्षेत्रीय एजेंसियों के द्वारा राज्य ग्रामीण उद्योग मण्डल विश्वसनीय रूप से कार्यान्वित कर सकें, इसलिए राज्य ग्रामीण उद्योग मण्डलों का सुसंगठित तथा सुदृढ़ संगठनात्मक ढकाई होना जरूरी है। (परिच्छेद : 7.6)।	सरकार के विचाराधीन।
41.	प्रस्तावित राज्य ग्रामीण उद्योग मण्डलों के अध्यक्ष राज्य के उद्योग-मत्री या कोई गैर-सरकारी व्यक्ति हों और उनके सदस्यों में विभिन्न क्षेत्रों, जैसे वित्त प्रशासन, अर्थशास्त्र; योजना-निर्माण आदि के विशेषज्ञ रहें। यद्यपि राज्य-मण्डल राज्य-सरकारों और राज्य-विधान-मडलों के प्रति सीधे उत्तर-दायी होंगे, परन्तु ग्रामीण उद्योग आयोग द्वारा स्वीकृत कार्य-क्रमों का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से समुचित मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। राज्य खादी-ग्रामोद्योग-मण्डलों को राज्य ग्रामीण उद्योग मण्डलों में परिवर्तित करने के लिए जो कानून बने, उसमें इस बात की उपर्युक्त व्यवस्था होनी चाहिए। (परिच्छेद : 7.7)	सरकार के विचाराधीन।
42.	ग्रामीण उद्योग मडलों का निर्माण न होने तक राज्य सरकारों को वर्तमान खादी-ग्रामोद्योग मडलों के पुनर्गठन के प्रश्न की ओर तुरंत ध्यान देना चाहिए। इन प्रत्येक राज्य-मंडल की सदस्य-संख्या इतनी घटा दी जाय कि वह एक छोटे और ठोस संगठन के रूप में अधिक प्रभावशाली रूप में काम कर सके। (परिच्छेद : 7.8)।	सरकार के विचाराधीन।
43.	राज्य-मंडलों के कामों का समन्वय तथा निर्देशन खादी और ग्रामोद्योग कमीशन करे। इस प्रयोजन की पूर्ति के लिए यह आवश्यक है कि राज्य-मडल के अध्यक्ष (यदि वह मुख्य-मंत्री या उस काम का प्रभारी मंत्री न हों कमीशन को यह भी अधिकार होना चाहिए कि वह राज्यमण्डलों को निर्देश दे तथा उनका मार्गदर्शन करे, वार्षिक प्रतिवेदन तथा जांचा हुआ हिसाब	सरकार के विचाराधीन।

(1)	(2)	(3)
	प्राप्त करे एवं यदि आवश्यक हो तो कार्य का निरीक्षण तथा हिसाबों की प्रत्यक्ष जांच भी करे। कमीशन द्वारा दिये गये निर्देशों और परामर्श के अनुसार यदि राज्यमण्डल नहीं चलते हैं, तो कमीशन को यह अधिकार होना चाहिए कि वह ऐसे राज्य-मण्डलों को आगे और अनुदान देना बंद कर दें। (परिच्छेद 7.9)	
44.	करीब पांच वर्षों की अवधि में आगामी रूप से राज्य-मंडलों को इतना सुदृढ़ बना दिया जाना चाहिये कि वे अपने-अपने राज्यों में कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने का पूरा दायित्व ग्रहण कर लें। यह प्रक्रिया प्रवस्थाबद्ध होनी चाहिये, जैसे प्रथम दो वर्षों में राज्य-मंडल पंजीकृत संस्थाओं और सहकारी समितियों के सभी प्रस्तावों तथा कार्यक्रमों के परीक्षण से अधिक संबंधित हों एवं अगले दो वर्षों में वे न केवल प्रस्तावों और कार्यक्रमों का ही परीक्षण करें, बल्कि खादी-ग्रामोद्योग कमीशन को उसके संबंध में अपनी सिफारिशें भी दें। कमीशन ऐसी आवश्यक कार्यवाही करे कि पांच वर्षों का पूरा दायित्व ग्रहण करने में समर्थ बन सकें। (परिच्छेद : 7.10)	सरकार के विचाराधीन।
45.	राज्य ग्रामीण उद्योग-मंडलों का ग्रामीण उद्योग आयोग के साथ सही कार्यभूमिकर अधिकार और दायित्व होना चाहिये, जो राज्य खादी ग्रामोद्योग मंडलों के सिलसिले में ग्रामीण उद्योग मंडलों के बीच के संबंधों में किसी तरह की कानूनी, वैधानिक, प्रशासनिक आदि संबंधी दरार न रहे, जैसे कि खादी और ग्रामोद्योग कमीशन तथा राज्य-मंडलों के बीच आज हैं। राज्य ग्रामीण उद्योग-मंडल राज्य-विधान-मंडलों के प्रति उत्तरदायी रह कर यह अपने काम की रिपोर्ट उसे देगा। फिर भी दोनों के बीच पूरा-पूरा समन्वय रहे और यह तभी संभव हो सकेगा, जब सभी महत्वपूर्ण विषयों में ग्रामीण उद्योग आयोग के निर्देशन और मार्गदर्शन के प्रति राज्य ग्रामीण उद्योग मंडलों को उत्तरदायी बनाया जाये। (परिच्छेद : 7.11)	सरकार के विचाराधीन।
46.	स्वस्थ परंपरा स्थापित करने की दृष्टि से खादी ग्रामोद्योग कमीशन तथा राज्य खादी ग्रामोद्योग मंडलों के सदस्यों को संबद्ध पंजीकृत संस्थाओं, सहकारी समितियों और अन्य क्षेत्रीय एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े नहीं रहना चाहिए। (यही बात प्रस्तावित ग्रामीण मंडलों के सदस्यों पर भी लागू होनी चाहिये)। इसी तरह, इन संगठनों से संबंधित सरकारी कर्मचारियों पर भी यह प्रतिबंध होना चाहिए कि पंजीकृत संस्थाओं, सहकारी समितियों और अन्य क्षेत्रीय एजेंसियों में उनका कोई स्वार्थ न हो। (परिच्छेद : 7.12)	इस शर्त के साथ सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया गया है कि अनुच्छेद में उल्लिखित "सक्रिय रूप में जुड़े" शब्द से आशय कार्य समिति के सदस्यों सहित पदाधिकारियों से है।
48.	ग्रामीण उद्योग आयोग (या खादी और ग्रामोद्योग कमीशन) द्वारा जिन शर्तों पर धन दिया जाता है, उनमें एक निश्चित अवधि के भीतर ऋण लौटाने की व्यवस्था स्पष्ट रूप से होनी चाहिये। स्थायी पूंजी के लिए ऋण दिया गया हो, तो उसे लौटाने की अवधि काफी लम्बी यानी 15 से 20 वर्षों की हो सकती है। दूसरी तरफ, कार्यकारी पूंजी वापस	स्वीकार कर लिया है तथा कार्यवाही शुरू की जा चुकी है।

(1)	(2)	(3)
